भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 924

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024
7 श्रावण, 1946 (शक)

बहु-गतिविधि खेल स्टेडियम

924. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास एथलीटों को प्रोत्साहित करने और देश भर में खेल गतिविधियों को सक्षम बनाने के लिए प्रत्येक राज्य में बहु-गतिविधि खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए अनुदान देने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार, विशेष रूप से ओडिशा राज्य के लिए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अगले तीन वर्षों में ओडिशा राज्य को इस प्रयोजन के लिए कितनी राशि जारी करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, बहु-गतिविधि खेल स्टेडियम के निर्माण सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय में प्राप्त प्रस्तावों पर मामला-दर-मामला आधार पर विचार किया जाता है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत उपलब्ध धनराशि के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विचार किया जाता है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत प्राप्त एक परियोजना नामत: रायरंगपुर, जिला मयूरभंज, ओडिशा में खेल परिसर का निर्माण, 27.23 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत ओडिशा राज्य सहित खेल अवसंरचनात्मक विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****